**भारत सरकार**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. **276** जिसका उत्तर

शुक्रवार, **03 फरवरी**, 2023/14 माघ, 1944 (शक) को दिया जाना है

**सागर माला के अंतर्गत नई परियोजनाएं**

**†276. श्री एम. के. राघवन :**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने सागरमाला योजना के अंतर्गत किसी नई परियोजनाओं पर विचार किया है तथा यदि हां, तो केरल सहित सागरमाला योजना के अंतर्गत स्वीकृत/ प्रस्तावित नई परियोजनाओं का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की केरल से लक्षद्वीप द्वीप समूह के लिए कनेक्टिविटी में सुधार करने की योजना है तथा यदि हां, तो बेपोर से लक्षद्वीप द्वीप समूह के लिए कार्गो और यात्री कनेक्टिविटी में सुधार की दिशा में कौन कौन से कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या सरकार ने सागरमाला के अंतर्गत घोषित बेपोर मलप्पारंबू संपर्क परियोजना के निर्माण में तेजी लाने के लिए कदम उठाए हैं और यदि हां, तो इस संबंध में उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(घ) केरल के बेपोर पत्तन पर अवसंरचनात्मक सुविधाओं में सुधार लाने के लिए कौन कौन से कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) क्या सरकार को बेपोर पत्तन पर अवसंरचना में सुधार करने के लिए केरल सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त प्रस्ताव में तेजी लाने के लिए कौन कौन से कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**

**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क):** सागरमाला कार्यक्रम पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय का प्रमुख कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य भारत की 7,500 कि.मी. लंबी समुद्री तटरेखा, 14,500 कि.मी. के नौवहन

योग्य जलमार्गों और प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय समुद्री व्यापार मार्गों पर अपनी कार्यनीतिक स्थिति का लाभ उठाते हुए देश में पत्तन- आधारित विकास को बढ़ावा देना है। सागरमाला योजना के अंतर्गत मंत्रालय पत्तन अवसंरचना परियोजनाओं, तटीय बर्थ परियोजनाओं, सड़क एवं रेल परियोजनाओं, मत्स्यन बंदरगाहों, कौशल विकास परियोजनाओं, तटीय सामुदायिक विकास, अंतर्राष्ट्रीय मानक के क्रूज टर्मिनल और रो-पैक्स फेरी सेवाओं जैसी विशिष्ट और अभिनव परियोजनाओं के लिए राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। वित्त वर्ष 2021-22 और वित्त वर्ष 2022-23 में सागरमाला योजना के अंतर्गत स्वीकृत नई परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

**(ख) और (घ):** गैर-महापत्तन संबंधित राज्य सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत होते हैं। केरल सरकार द्वारा सूचित किया गया है कि बेपोर पत्तन में 340 मीटर लंबा वार्फ है। पत्तन में सुचारु नौवहन प्रचालनों के लिए 3 स्थायी क्रेनें, 5 चल क्रेनें, 1 कंटेनर हैंडलिंग क्रेन, 2 रीच स्टैकर और 3 टग उपलब्ध कराए गए हैं। केरल सरकार द्वारा बेपोर पत्तन को आगे और विकसित करने के लिए कदम उठाए गए हैं, जिनका उद्देश्य लक्षद्वीप से और तक और अधिक यात्रियों एवं कार्गो के आवागमन को हैंडल करना है। इन कदमों में बेपोर पत्तन में बड़े आकार के जलयानों की बर्थिंग के लिए कैपिटल ड्रेजिंग करना शामिल है। केरल सरकार द्वारा कैपिटल ड्रेजिंग के लिए अपने बजट से 11.08 करोड़ रु. की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। मौजूदा वार्फ की लंबाई को बढ़ाने के लिए कदम उठाए गए हैं, मौजूदा पत्तन भूमि से लगी हुई 3.85 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया है, जिसे गोदाम और कार्गो हैंडलिंग सुविधा के लिए प्रयोग में लाया जा सकता है।

**(ग):** केरल सरकार द्वारा सूचित किया गया है कि बेपोर पत्तन तक सड़क संपर्कता के लिए मैसर्स आईपीआरसीएल द्वारा एक अध्ययन किया गया है और केरल समुद्री बोर्ड के माध्यम से केरल सरकार को टीईएफआर प्रस्तुत किया गया है, जिसे केरल सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है।

**(ङ):** इस समय, सागरमाला योजना के अंतर्गत बेपोर पत्तन में अवसंरचना से संबंधित राज्य सरकार का कोई भी प्रस्ताव नहीं है।

**अनुबंध-1**

| 2021-22 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र.सं | परियोजना का नाम | राज्य | कार्यान्वयन एजेंसी | कुल लागत (करोड़ रु. में) |
| 1 | मोरा, जिला रायगढ़, महाराष्ट्र में रो-पैक्स जेट्टी और टर्मिनल का निर्माण। | महाराष्ट्र | एमएमबी | 88.72 |
| 2 | गेटवे ऑफ इंडिया के पास रेडियो क्लब में यात्री जेट्टी और टर्मिनल सुविधाओं का निर्माण। | महाराष्ट्र | एमएमबी | 98.56 |
| 3 | कोलशेट (रा.ज.-53) में जेट्टी का निर्माण | महाराष्ट्र | एमएमबी | 30.36 |
| 4 | डोंबिवली में जेट्टी का निर्माण (रा.ज.-53) | महाराष्ट्र | एमएमबी | 21.30 |
| 5 | काल्हेर में जेट्टी का निर्माण (रा.ज.-53) | महाराष्ट्र | एमएमबी | 23.55 |
| 6 | मीरा-भायंदर में जेट्टी का निर्माण (रा.ज.-53) | महाराष्ट्र | एमएमबी | 24.46 |
| 7 | इंदिरा डॉक, मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/ आधुनिकीकरण | महाराष्ट्र | मुंबई पत्तन | 303.30 |
| 8 | पीरपियाउ, मुंबई हार्बर, मुंबई पत्तन न्यास में तीसरी रासायनिक बर्थ का निर्माण | महाराष्ट्र | मुंबई पत्तन | 161.00 |
| 9 | कनिनाली और तलचुआ, ओडिशा में रो-पैक्स और संबद्ध इन्फ्रा | ओडिशा | ओडिशा पत्तन विभाग | 110.60 |
| 10 | पारादीप फिशिंग हार्बर का आधुनिकीकरण और उन्नयन | ओडिशा | पीपीए | 99.75 |
| 11 | मैलेट बंदर, मझगांव, मुंबई में मत्स्य पालन हार्बर का विकास | महाराष्ट्र | एमबीपीए | 96.60 |
| 12 | चेन्नै फिशिंग हार्बर का विकास | तमिलनाडु | सी.पी.ए | 99.85 |
| 13 | थोप्पुमपडी में कोचिन फिशिंग हार्बर का उन्नयन और आधुनिकीकरण | केरल | कोपा | 101.02 |
| 14 | ससून डॉक, मुंबई में मौजूदा फिशिंग हार्बर का आधुनिकीकरण (संशोधित परियोजना लागत को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई) | महाराष्ट्र | कृषि और मत्स्य पालन विभाग, महाराष्ट्र सरकार | 92.52 |
| 15 | आंध्र प्रदेश में काकीनाडा एंकोरेज पत्तन का विकास | आंध्र प्रदेश | एपीएमबी | 85.83 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 16 | हजीरा, गुजरात में रो-रो/रो-पैक्स फेरी सेवाओं का निर्माण | गुजरात | डीपीए | 69.06 |
| 17 | मुलद्वारका, गुजरात में रो-रो/रो-पैक्स फेरी सेवाओं का निर्माण | गुजरात | डीपीए | 144.30 |
| 18 | पिपावा, गुजरात में रो-रो/रो-पैक्स फेरी सेवाओं का निर्माण | गुजरात | डीपीए | 170.06 |
| 19 | घोघा में ड्रेजिंग चेनल का 7 मीटर डुबाव द्वारा उन्नयन | गुजरात | डीपीए | 45.81 |
| 20 | उत्तर कन्नड़ जिले के कुम्ता तालुका में तड़ाडी - अघनाशिनी जलमार्ग का एकीकृत विकास का। | कर्नाटक | केएमबी | 20.00 |
| 21 | कर्नाटक के मैंगलोर तालुका में गुरुपुर (रा.ज.-43) पर जलमार्ग का विकास | कर्नाटक | केएमबी | 29.62 |
| 22 | गुरुपुर द्वीप का विकास | कर्नाटक | केएमबी | 30.50 |
| 23 | कर्नाटक में अलमट्टी से बागलकोट तक जलमार्ग का विकास | कर्नाटक | केएमबी | 12.20 |
| 24 | करवार पत्तन, कर्नाटक में अग्निशमन उपकरणों की स्थापना | कर्नाटक | केएमबी | 18.54 |
| 25 | हैंगरकट्टे में तटीय बर्थ का विकास | कर्नाटक | केएमबी | 78.28 |
| | **2022-23** | | | |
| 1 | कसबा बेंगरे फेरी में बर्थिंग जेट्टी (फ्लोटिंग जेट्टी) | कर्नाटक | केएमबी | 4.89 |
| 2 | जप्पीनामगारू ओल्ड में बर्थिंग जेट्टी (फ्लोटिंग जेट्टी) | कर्नाटक | केएमबी | 5.23 |
| 3 | गेटवे ऑफ इंडिया, मुंबई के पास रेडियो क्लब में यात्री जेट्टी और टर्मिनल का निर्माण | महाराष्ट्र | एमएमबी | 162.98 |
| 4 | सुवर्णदुर्ग में पर्यटन जेट्टी का निर्माण | महाराष्ट्र | एमएमबी | 18.16 |
| 5 | पद्मदुर्गा में पर्यटन जेट्टी का निर्माण | महाराष्ट्र | एमएमबी | 19.94 |
| 6 | महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में जंजीरा किले में यात्री जेट्टी और ब्रेकवाटर का निर्माण | महाराष्ट्र | एमएमबी | 111.41 |
| 7 | कारवार में मजली फिशिंग हार्बर का विकास | कर्नाटक | केएमबी | 250.00 |
| 8 | बेंगरे कर्नाटक में बीच फ्रंट और सहायक अवसंरचना का विकास | कर्नाटक | केएमबी | 160.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9 | गंगोली में तटीय बर्थ का विकास | कर्नाटक | केएमबी | 95.88 |
| 10 | मैंगलोर में बहुउद्देशीय हार्बर का विकास | कर्नाटक | केएमबी | 98.44 |
| 11 | ओल्ड मैंगलोर पत्तन में कार्गो और क्रूज टर्मिनल के लिए संबद्ध अवसंरचना सुविधाओं के साथ समर्पित जेट्टी का विकास | कर्नाटक | केएमबी | 65.00 |
| 12 | सीओपीटी में तटवर्ती विद्युत आपूर्ति का विकास' | केरल | कोचिन पत्तन | 22.34 |
| 13 | कोचिन पत्तन में रो रो प्रोपीलीन जेट्टी | केरल | कोचिन पत्तन | 11.06 |
| 14 | सतपदा और जन्हिनीकुडा, ओडिशा के बीच नौका सेवा में सुधार | ओडिशा | पत्तन विभाग | 13.96 |
| 15 | केडीएस, एसएमपी, कोलकाता में रिवरफ्रंट सौंदर्यीकरण कार्यों के साथ-साथ नदी क्रूज टर्मिनल और नदी पर्यटन सुविधा का विकास | पश्चिम बंगाल | एसएमपीके | 75.82 |
| 16 | 'केडीएस - एसएमपी, कोलकाता के एनएस डॉक पर बैकयार्ड के विकास सहित नंबर 7, एनएसडी ओल्ड बर्थ के पुनर्वास के लिए डिजाइन, इंजीनियरिंग और निर्माण | पश्चिम बंगाल | एसएमपीके | 80.74 |
| 17 | मैरीन ऑयल टर्मिनल, एमबीपीटी में स्काडा और पीएलसी स्वचालन प्रणाली का कार्यान्वयन | महाराष्ट्र | एमबीपीए | 22.67 |
| 18 | विशाखापट्टणम पत्तन में फिशिंग हार्बर का विकास | आंध्र प्रदेश | वीपीटी | 151.00 |

*****